वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

पत्र संख्या- 106 /2025 *दिनांक- 21.03.2025*

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने व अवैध गांजा की तस्करी रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक- 21.03.2025 को पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में ***थाना मेंहनाजपुर पुलिस तथा फील्ड यूनिट वाराणसी स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 01 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से 02 कुन्तल 80 किलोग्राम गांजा, अभियुक्त के कब्जे से 1450 रूपये नगद, Redmi का मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त एक ट्रक बरामद किया*** गया है।

थाना- मेंहनाजपुर 02 कुन्तल 80 किलोग्राम अवैध गांजा व घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक के साथ एक अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर गिरफ्तार।

गिरफ्तारी/घटना का अनावरण-

दिनांक 21.03.2025 को थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह व फील्ड यूनिट वाराणसी स्पेशल टास्क फोर्स टीम प्रभारी पुनीत परिहार मय हमराह की संयुक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक ट्रक नं0- HP64B6043 थाना खानपुर जिला गाजीपुर की तरफ से मेंहनाजपुर की तरफ आ रही है उसमें कुछ संदिग्ध है। इस पर उपरोक्त सम्पूर्ण पुलिस बल के साथ मेंहनाजपुर औड़िहार रोड पर पूरब का पूरा वन्सू राम मास्टर के घर के सामनें संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जाने लगी कि समय 01.40 AM पर एक संदिग्ध ट्रक आया जिसे टार्च की रोशनी से इशारा कर रूकवाया गया तथा वाहन चालक से उसका नाम पता पूछते हुए ट्रक में लदे सामान के विषय में पूछताछ की गयी तो बताया कि मेरा नाम भूपेन्द्र कुमार S/O शिव सिंह निवासी कागड़ा घाट ग्राम पलहेच थाना कड़ाघाट जनपद सोलन हिमांचल प्रदेश उम्र 30 वर्ष हैं। पूछताछ पर उसने बताया कि गाड़ी में प्लास्टिक दाना लोड हैं जिसे असाम से दिल्ली ले जा रहा हूँ, यह कहते हुए घबड़ा रहा था । शक होने पर नियमतः जब यह पूछा गया कि असाम से दिल्ली जाने का मार्ग छोड़कर इधर कहा जा रहे हों इस पर कुछ देर मौन रहने के बाद बताया कि साहब मुझसे गलती हो गयी हैं मैने असाम से 14 बोरी में 28 पैकेट गाँजा भी गाड़ी में लाद लिया हैं,तत्काल राजपत्रित अधिकारी को सूचित करते हुए मौके पर बुलाया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए चालक के गाड़ी की तलाशी लेने पर 14 बोरी में 28 पैकेट गांजा कुल **(02 कुन्तल 28 किलो ग्राम)** गांजा प्राप्त हुआ । अभियुक्त को समय सुबह करीब 04.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया।

अपराध करने का तरीका/पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्त भूपेन्द कुमार उपरोक्त से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि यह गाड़ी ट्रक नं0- HP64B6043 मेरे नाम से है इसका मालिक मैं ही हूं। मैं अपनी गाड़ी में असाम से माल लादकर दिल्ली गाड़ी लेकर जाता हूं। यह माल असम ले लेकर आ रहा हूं। यह माल रास्ते में देते हुए मैं दिल्ली चला जाता। मैं यह काम कई बार कर चुका हूं। आज पहली बार पकड़ा गया हूं। मैं अपने लाभ के लिए जब भी आता जाता हूं तब गांजा लेकर आता जाता हूं।

बरामदगी का विवरण-

1- 02 कुन्तल 80 किलोग्राम नाजायज गांजा

2- ट्रक नं0- HP64B6043

3- कुल 1450/- रुपये नकद

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता -

भूपेन्द्र कुमार S/O शिव सिंह निवासी कागड़ा घाट ग्राम पलहेच थाना कड़ाघाट जनपद सोलन हिमांचल प्रदेश उम्र 30 वर्ष

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 27/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मेंहनाजपुर जनपद आजमगढ़

पंजीकृत अभियोग -

मु0अ0सं0- 27/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मेंहनाजपुर जनपद आजमगढ़

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना मेंहनाजपुर पुलिस टीम	एसटीएफ वाराणसी
1. थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार सिंह 2. उ0नि0 विक्रान्त मिश्रा 3. का0 विनोद यादव 4. का0 सत्यप्रकाश यादव 5. का0 दीपू पाण्डेय 6. म0का0 सोमवती	**1.**नि0 पुनीत परिहार 2. उ0नि0 आलोक कुमार सिंह 3. हे0का0 अनिल कुमार चौरसिया 4. हे0का0 अभय विक्रम सिंह 5. हे0का0 वलवन्त सिंह यादव 6. का0चा0 राजेश कुमार उपाध्याय

.

थाना मेहनाजपुर-आजमगढ़

उत्तर प्रदेश पुलिस